हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 7 जुलाई 2026

13 बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं



14 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश-एक



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING — 2 Years GNM Pass
GNM — 3 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
ANM — 2 Years 12th Any Stream — No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING — 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933

### बिना फायर एनओसी लिए चल रहे संस्थानों पर जल्द चलेगा चाबुक

# दमकल विभाग ने 241 संस्थानों को भेजे नोटिस

**अग्निशमन मुख्यालय व उपायुक्त को भेजी खामियों की सर्वे रिपोर्ट**

*विद्यार्थियों व आमजन की जान से हो रहा खिलवाड़, अग्निशमन उपकरण तक नदारद, प्रशासन मौन*





राकेश भटठी ▶▶| भिवानी

दमकल विभाग ने बिना फायर एनओसी के चल रहे भिवानी शहर के पीजी, गेस्ट हाउस, होटल, हॉस्पिटल, बीयर बार, स्कूल, कॉलेज व लाइब्रेरियों का सर्वे किया और मौका मुआयना कर खामियां की रिपोर्ट तैयार की। अग्निशमन विभाग ने खामियों के चलते लगभग 241 संस्थानों को नोटिस भेजे हैं। हरिभूमि समाचार पत्र ने गत 13 जून को 'भिवानी में बिना फायर एनओसी के धड़ल्ले से चल रहे पीजी, कोचिंग सेंटर, होटल व रेस्टोरेंट' शीर्षक से समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद विभाग एवं प्रशासन हरकत में आया हैं।

उल्लेखनीय हैं कि आए दिन भीड़ भाड़ वाले संस्थानों में आगजनी की घटना घटित हो रही हैं, जिसके भयावह परिणाम हम देख भी रहे हैं। इसके बावजूद उक्त संस्थानों के संचालक लापरवाही एवं गैर जिम्मेदाराना रवैया अपना रहे हैं, जो देश का भविष्य विद्यार्थियों एवं आमजन की जान से खिलवाड़ हैं और इस कार्य में उक्त संस्थान अकेले दोषी नहीं हैं, बल्कि जिला प्रशासन भी बराबर का दोषी हैं, जिसकी नाक के नीचे भिवानी शहर में सैंकड़ों पीजी, गेस्ट हाउस, कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी, होटल, बीयर बार एवं हॉस्पिटल बिना फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र के धड़ल्ले से चल रहे हैं और उनमें बुनियादी अग्निशमन सेफ्टी उपकरण तक नहीं हैं। शहर में अब भी 20 फीसदी स्कूलों के पास फायर एनओसी नहीं हैं। अग्निशमन विभाग ने सर्वे के दौरान भिवानी के 241 संस्थानों में खामियां पाई, जो आमजन की जान से खिलवाड़ हैं। अग्निशमन विभाग ने सर्वे में 57 हॉस्पिटलों व 120 पीजी, गेस्ट हाउस एवं होटलों तथा 56 लाइब्रेरियों एवं कोचिंग सेंटरों में अनेक तरह की खामियां मिली। इनके अलावा शहर में संचालित आठ शराब एवं बीयर बार में भी अनेक खामियां मिली। उक्त संस्थानों को देखकर ऐसा प्रतीत होता हैं कि वे घटना घटने का इंतजार कर रहे हैं और रामभरोसे बैठे हैं। हरिभूमि समाचार पत्र ने गत 13 जून को 'भिवानी में बिना फायर एनओसी के धड़ल्ले से चल रहे पीजी, कोचिंग सेंटर, होटल व रेस्टोरेंट' शीर्षक से समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद विभाग एवं प्रशासन हरकत में आया हैं और उन्होंने 241 संस्थानों को नोटिस भेजे हैं।

#### सर्वे में कई तरह की खामियां मिली



अग्निशमन मुख्यालय पंचकूला के आदेशानुसार शहर के पीजी, गेस्ट हाउस, होटल, हॉस्पिटल, बीयर बार, लाइब्रेरियों की जांच एवं सर्वे किया और सर्वे में अनेक तरह की खामियां पाई गई। निरीक्षण सर्वे के बाद 241 उक्त संस्थानों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और सर्वे रिपोर्ट अग्निशमन मुख्यालय पंचकूला व उपायुक्त को भेजी जाएगी, जिसके बाद अग्निशमन मुख्यालय पंचकूला व उपायुक्त संस्थानों को सीलिंग करने, कानूनी कार्रवाई करने व जुर्माना लगाने के संबंध में फैसला लेंगे।

- **रमन मिश्रा,** फायर सेफ्टी ऑफिसर, भिवानी

#### बैंक्वट हॉलों का जल्द होगा सर्वे

शहर में अनेक बैंक्वट हॉल संचालित हैं, जहां विवाह शादिया व पार्टिया आदि बड़े कार्यक्रम होते हैं, जहां पर अच्छी खासी भीड़ जुटती हैं। भिवानी में संचालित बैंक्वट हॉलों में मात्र दो-तीन ने ही फायर एनओसी ले रखी हैं, बाकि सभी घटना घटने एवं रामभरोसे बैठे हैं। अग्निशमन मुख्यालय पंचकूला के आदेशानुसार जल्द ही बैंक्वट हॉलों का सर्वे किया जाएगा और रिपोर्ट तैयार की जाएगी और खामियां का निरीक्षण किया जाएगा।

## रोहतक से हेरोइन लाने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

*पुलिस टीम ने 6.93 ग्राम मादक पदार्थ (हेरोइन) व मोटरसाइकिल को पुलिस कब्जे में लिया*

पुलिस की सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने रोहतक से हेरोइन लाकर बेचने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के सहायक उप निरीक्षक सुभाष चंद्र अपनी टीम के साथ गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर गांव बामला मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल पर कलानौर की ओर से मादक पदार्थ लेकर भिवानी आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टी-पॉइंट फूलपुरा पर नाकाबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रुकवाया। तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से 6.93 ग्राम मादक पदार्थ (हेरोइन) बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कुलदीप उर्फ लाला पुत्र हवा सिंह तथा मनीष पुत्र नरेश, दोनों निवासी हनुमान गेट, भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर पांच चालान कर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- **हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर परिषद भिवानी की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान**

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर परिषद भिवानी की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन के उपयोग पर रोक लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर में विशेष अभियान चलाया। जेईई चंचल के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान मिनी बाईपास और दिनोद गेट क्षेत्र में 3,500 रुपये के पांच चालान किए गए।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि अभियान के साथ-साथ शहर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है।

उन्होंने दुकानदारों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का प्रयोग न करें और पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कपड़े या अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों का उपयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ आगे भी नियमित रूप से अभियान चलाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मुकेश के मुरीद, गायन स्पर्धा 30 अगस्त को

**भिवानी।** महान पार्श्व गायक मुकेश के प्रशंसकों की संस्था मुकेश के मुरीद द्वारा इस वर्ष की गायन प्रतियोगिता का आयोजन आगामी तीस अगस्त रविवार को एक बजे स्थानीय पंचायत भवन में होगा। इच्छुक कलाकार ऑनलाइन ऑडिशन के लिए 10 जुलाई शाम सात बजे तक अनिवार्य ऑडिशन फीस के साथ वीडियो भेज सकेंगे। एकल गायन के लिए गायकों को मुकेश द्वारा गाए गए गीत,गजल, भजन का मुखड़ा एक अंतरे के साथ भेजना होगा। फीमेल सिंगर किसी भी फीमेल सिंगर द्वारा गाए गये गीत का मुखड़ा व एक अंतरे का वीडियो भेजेंगी। दोगाने (महिला व पुरुष गायक) के लिए मुकेश द्वारा किसी भी गायिका के साथ गाए गये गाने का मुखड़ा व दोअंतरों का वीडियो भेजना होगा। फाइनल के लिए चयनित कलाकार संस्था द्वारा दिए गीतों की प्रस्तुति देंगे। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

## प्रश्न-पत्र एवं ओएमआर की सीरियल संख्या से परिणाम नहीं होगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

*सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर प्रसारित भ्रामक तथ्यों पर ध्यान न दें: धूपड*

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकरलाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने चार व पांच जुलाई को प्रदेशभर में संचालित एचटेट परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पूरी तरह सुरक्षित तरीके से संपन्न होने पर मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री , प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने मीडिया जगत के सभी पत्रकार मित्रों और छायाकारों का भी विशेष रूप से धन्यवाद किया, जिन्होंने परीक्षा से जुड़ी हर महत्वपूर्ण जानकारी को समय पर जनता तक पहुंचाया।

बोर्ड अधिकारियों ने पात्रता परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर प्रसारित कुछ भ्रामक तथ्यों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षा का संचालन पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुरक्षित वातावरण में किया है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे अपुष्ट व भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें तथा केवल बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं को ही प्रमाणिक मानें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा में प्रयुक्त ओएमआर उत्तर-पुस्तिका किसी विशेष प्रश्न-पत्र से संबद्ध नहीं थी।

#### आपत्तियां मांगी जाएंगी

प्रश्न-पत्र अथवा रोल नंबर पर कहीं भी यह उल्लेख नहीं किया था कि अभ्यर्थियों को अपने प्रश्न-पत्र की सीरियल संख्या का मिलान ओएमआर शीट की सीरियल संख्या से करना है। प्रत्येक अभ्यर्थियों की उत्तर-पुस्तिका का मूल्यांकन उसके द्वारा अंकित रोल नंबर के आधार पर किया जाएगा। अतः प्रश्न-पत्र एवं ओएमआर शीट की सीरियल संख्या में किसी प्रकार का अंतर अभ्यर्थियों के परिणाम व मूल्यांकन को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि किसी प्रश्न में त्रुटि या तकनीकी कमी पाई जाती है तो बोर्ड की निर्धारित प्रक्रिया अनुसार अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी।

### दादरी स्वास्थ्य विभाग को मिली नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस

**चरखी दादरी।** स्वास्थ्य विभाग को मरीजों को बेहतर और सुरक्षित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में नई एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस मुख्यालय की ओर से प्राप्त हुई है। रजिस्ट्रेशन और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद यह एंबुलेंस करीब 10 दिनों के भीतर लोगों की सेवा में उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य विभाग को जल्द ही इसके अलावा एक और एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस मिलने की भी संभावना है, जिससे जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। वर्तमान में जिला स्वास्थ्य विभाग के पास तीन एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस, सात बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस और छह पेशेंट ट्रांसपोर्ट एंबुलेंस उपलब्ध हैं।

## बूंदाबांदी से उमस हुई छू मंतर ,पारा लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



सोमवार को दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी ने उमस का गुरुर तोड़ा। बूंदाबांदी के साथ धीमी गति से हवा चलने की वजह से उमस व गर्मी छू मंतर हो गई। कई दिनों से उपरी प्वाइंट पर था,लेकिन हलकी बूंदाबांदी ने पांच डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़का दिया। बूंदाबांदी के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। उसके बाद आसमान में काली घटाए छाई रही। जिस वजह से मौसम खुशगवार बना रहा।

दोपहर तक जबरदस्त गर्मी व उमस ने लोगों को बेहाल किए रखा। करीब एक बजे के आसपास आसमान में काली घटाएं छाने लगी। कुछ देर बाद आसमान से हलकी बूंदाबांदी शुरू हुई। करीब आधे घंटे तक आसमान से बरसती रही। इस दौरान बारिश के साथ धीमी गति से हवा बहने लगी। बूंदाबांदी की वजह से पारा 41 डिग्री सेल्सियस से नीचे लूढक कर 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। पूरे दिन से उमस से बेहाल लोगों को बूंदाबांदी से राहत मिली। गर्मी भी छू मंतर हो गई। हालांकि बारिश तेज नहीं हुई,लेकिन बूंदाबांदी ने पारे व मौसम को खुशमिजाज बना दिया।

#### फसलों में होगा फायदा

वहीं हल्की बूंदाबांदी से भी फसलों में फायदा होगा। क्योंकि इस वक्त फसलों को सिंचाई की जरूरत थी। हल्की बूंदाबांदी से पूरी हो गई। सिंचाई होने से फसलों में फुटाव बढेगा,जिससे उनकी औसतन पैदावार में बढ़ौतरी होगी। इस वक्त हुई बारिश से किसानों के चेहरे पूरी तरह से खिल उठे है।

#### धान की रोपाई में आएगी तेजी

तेज नहीं तो हलकी ही सही। बारिश होने के बाद किसानों के चेहरों पर रौनक आ गई। चूंकि मौसम सुहावना होने के बाद धान की रोपाई में तेजी आ गई। क्योंकि अगर ज्यादा गर्मी होती तो रोपे गए धान में ज्यादा फुटाव नहीं बनता और जल्दी सी सही ढंग से धान का पौधा जड़ नहीं पकड़ पाता। अगर कम गर्मी होती तो पौधा जल्दी ही जड़ पकड़ लेता है और उसमें फुटाव भी बनना शुरू हो जाता है। फिलहाल हलकी बारिश से धान की रोपाई में एकाएक तेजी आ गई।

### जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप

# पेयजल व ठप सीवरेज व्यवस्था को लेकर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते शहर के लोग।

**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन, घेराव की दी चेतावनी**

जनसंघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में पीने के पानी की समस्या तथा ठप्प सीवरेज व्यवस्था को लेकर कालोनीवासियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया तथा जन प्रतिनिधियों तथा सरकार के विरुद्ध जोरदार नारे लगाए।

पिछले सप्ताह से पीने का पानी नहीं आने तथा सीवरेज से पीने के पानी की लाइन मिलने व ठम्प सीवरेज व्यवस्था ने कालोनीवासियों का जीवन दुभर कर दिया है। इन समस्याओं को लेकर कालोनी वासी घरों से बाहर आ गये तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध आक्रोशस्वरूप नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान सूचना मिलने पर जन संघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व सचिव सज्जन कुमार सिंगला भी उनके बीच पहुंच गये तथा विभाग के पानी आपूर्ति एसडीओ व सीवरेज व्यवस्था इन्चार्ज एस डी ओ से टेलिफोन पर सम्पर्क करके कालोनी वासियों को पीने का पानी देने तथा सीवरेज व्यवस्था ठीक करने के लिए कहा तथा उन्होंने वार्ड पार्षद प्रतिनिधि से भी बात की। दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही पीने के पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी तथा कल से सीवरेज व्यवस्था को ठीक करने के लिए मशीन लगवा दी जाएगी।

समिति नेताओं तथा कालोनीवासियों ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगे शीघ्र नहीं मानी गई तो वे विभाग के कैंप आफिस पर अनिश्चितकालीन धरना देने पर मजबूर होंगे। प्रदर्शन में नंद किशोर, जयपाल साहू, ईश्वर नागर, कृष्ण डब्बास, विजेद्र, महेन्द्र, रतन कुमार, गोपी, सरला, भतेरी, रामरती, शांति, भानी, अनूप व महिपाल शामिल रहे।

### 18 को लगेगी विशेष लोक अदालत दस न्यायिक पीठों का गठन किया

**भिवानी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) अध्यक्ष डॉ. गगनदीप कौर ने बताया कि 18 जुलाई 2026 को भिवानी सत्र न्यायालय परिसर सहित तोशाम, लोहारू एवं सिवानी उपमंडल में चेक बाउंस से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 10 न्यायिक पीठों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष लोक अदालत में चिह्नित चेक बाउंस मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक न्यायिक पीठ के साथ पैनल अधिवक्ता एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों को भी नियुक्त किया गया है। डॉ. गगनदीप कौर ने संबंधित पक्षकारों से अपील की कि जिनके चेक बाउंस के मामले न्यायालयों में लंबित हैं, वे 18 जुलाई को आयोजित विशेष लोक अदालत का लाभ उठाकर आपसी सहमति से अपने मामलों का शीघ्र एवं स्थायी समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निपटारा होने पर समय और धन दोनों की बचत होती है तथा न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश भिवानी डॉ. गगनदीप कौर सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 डॉ. संजीव आर्या, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री सुरुचि अटरेजा सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष कुमार शर्मा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम/जेएमआईसी) भिवानी अंतरप्रीत सिंह और एसीजे (एसडी) सह एसडीजेएम सिवानी धर्मपाल, एसीजे (एसडी) सह एसडीजेएम लोहारू देवेंद्र सिंह-प्रथम, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सह जेएमआईसी लोहारू अजय पाल सिंह मल्ही तथा एसीजे (एसडी) सह एसडीजेएम तोशाम सुनील कुमार विशेष लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करेंगे।

हरिभूमि

# सहेली



आज की स्त्री केवल घर-परिवार की तमाम जिम्मेदारियों के बीच दबकर नहीं रहना चाहती। वह साझा जिम्मेदारियों में यकीन करती है। वह अपनी परंपरागत छवि से निकलकर ऐसी जिंदगी जीना चाहती है कि उसे परिवार-समाज में मान-सम्मान मिले, उसका भी एक अस्तित्व हो। पर्सनल लाइफ में ही नहीं, प्रोफेशनल लाइफ में भी वह डिसीजनमेकर बने। नए दौर की स्त्री, आत्मविश्वासी होकर स्वाभिमान से जीवन जीना चाहती है। वह अपनी अस्मिता को लेकर पूरी तरह जागरूक रहती है।

## अपनी अस्मिता के लिए जागरूक आज की स्त्री

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

स्त्री को सदैव सौम्यता की प्रतिमूर्ति माना गया है। जॉन ग्रे की प्रसिद्ध पुस्तक 'पुरुष मंगल से हैं, स्त्रियां शुक्र से', इस बात की पुष्टि करती है। मतलब स्त्रियां सौम्य और कोमल स्वभाव की होती हैं। आमतौर पर परिवार के सभी सदस्यों की देखभाल की भूमिका निभाती हैं। लेकिन आज सामाजिक परिवेश ही नहीं, व्यक्तिगत सोच भी तेजी से बदल रही है। स्त्रियां अब केवल 'वीनस' यानी अपनी सौम्य और पारंपरिक छवि से बाहर ही नहीं निकल रही हैं। वे मंगल यानी साहस और नेतृत्व के गुणों को भी अपना चुकी हैं। स्त्रियों की छवि अब केवल त्याग की प्रतिमूर्ति वाली नहीं रही, अब उनकी पहचान एक निर्णय लेने वाली, आत्मविश्वास से भरी स्त्री के रूप में उभरी है। पहले स्त्रियों को केवल 'देखभाल' और 'ममता' से जोड़कर देखा जाता था। आज उनकी छवि 'अल्फा फी-मेल' की है, जो घर और ऑफिस दोनों मोर्चों पर नेतृत्व करती हैं। अब वे केवल एक 'सपोर्ट सिस्टम' नहीं, बल्कि 'सिस्टम' चलाने वाली बन गई हैं।

### स्वयं की पहचान पहले

आधुनिक स्त्रियों की आदतों में एक बड़ा बदलाव यह आया है कि वे दूसरों की जरूरतों से पहले अपने आत्म-सम्मान और करियर को प्राथमिकता देने लगी हैं। आज स्त्रियों के लिए उनकी अपनी पहचान किसी भी रिश्ते से ऊपर है। वे खुद को खोकर किसी रिश्ते को बचाने के पक्ष में नहीं हैं। इससे पारंपरिक ढांचे से अलग 'जेंडर रोल्स' यानी लिंग आधारित भूमिकाएं अब अप्रासंगिक हो रही हैं।

### आर्थिक स्वतंत्रता का प्रभाव

महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों के समीकरण बदल दिए हैं। अब वे केवल सुरक्षा के लिए रिश्तों में नहीं रहतीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव को प्राथमिकता देती हैं। खर्च करने और निवेश करने की आदतों में महिलाएं अब पुरुषों पर निर्भर नहीं हैं। वे अपनी वित्तीय योजनाएं खुद बनाती हैं, जो उनकी बढ़ती आत्मनिर्भरता का द्योतक है। अपनी कमाई को अपनी पसंद पर खर्च करना और अपने सपनों जैसे अकेले यात्रा करना या शौक पूरे करने के लिए समय निकालना उनकी जीवनशैली में शामिल हो गया है।



### भावनात्मक अपेक्षाएं

आज की स्त्रियां अपने साथी से केवल घर चलाने में मदद नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर गहरी समझ और साझेदारी की उम्मीद करती हैं। बदलते सामाजिक ढांचे के कारण पुरुषों और स्त्रियों के बीच जो 'एक्सपेक्टेशन गैप' यानी अपेक्षाओं का अंतर पैदा हुआ है, उसे समझना ही सुखद जीवन की कुंजी है।



### संचार का नया तरीका

**आज की** स्त्रियों के लिए संवाद केवल समस्याओं को सुलझाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी पहचान और व्यक्तिगत स्पेस को परिभाषित करने के लिए भी जरूरी हो गया है। आज स्त्री-पुरुष के बीच समानता के भाव आपसी टकराव की समस्या का निदान है। रिश्तों में 'शक्ति प्रदर्शन' के बजाय 'समान भागीदारी' ही वह रास्ता है, जिससे 'वीनस' और 'मार्स' के बीच की दूरी कम की जा सकती है। स्त्रियां अब 'मौन' रहने के बजाय, अपनी बात मुखरता से रखना पसंद करती हैं। रिश्तों में अपनी सीमाओं को तय करना अब उनकी आदत बन गई है।

### पारिवारिक समीकरणों में बदलाव

आज की महिलाएं घर के कामों को केवल 'अपनी जिम्मेदारी' समझने के बजाय इसे साझा जिम्मेदारी के रूप में देखती हैं, परिवार के सदस्यों में काम के बंटवारे की मांग करती हैं। घर और करियर के बीच संतुलन बनाना अब केवल महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक साझा पारिवारिक प्रयास है। अपनी पसंद-नापसंद को स्पष्ट रूप से कहना अब जरूरी माना जाने लगा है। वे अब रिश्तों में 'एडजस्टमेंट' के नाम पर अपने अस्तित्व से समझौता नहीं करना चाहतीं।

### सोशल नेटवर्किंग से जुड़ाव

आज की स्त्रियों की आदतों में डिजिटल साक्षरता और सोशल नेटवर्किंग शामिल हो गई है। वे दुनिया भर की जानकारियों से अपडेट रहती हैं, जिससे उनकी सोच का दायरा बंधी सीमाओं को पार कर गया है।

### अपेक्षाओं का नया स्तर

आज की स्त्रियां जीवन साथी से केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि बौद्धिक और मानसिक बराबरी की उम्मीद करती हैं। उनकी अपेक्षाएं अब पारंपरिक मानदंडों से कहीं अधिक ऊंची हैं। पहले वे छोटे-बड़े फैसलों के लिए पुरुष पर निर्भर रहती थीं। आज अधिकांश महिलाएं महत्वपूर्ण निर्णय खुद ले रही हैं।

### स्वास्थ्य के प्रति सजगता

अपनी सेहत को नजरअंदाज करने की पुरानी आदत को छोड़कर, अब महिलाएं योग, जिम और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही हैं। अब कोई महिला 'जीरो फिगर' के पीछे भागने के बजाय 'मजबूत शरीर' और 'सक्रिय जीवनशैली' को अपनी आदत बना रही है। उसके लिए फिटनेस अब सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि शक्ति के लिए है।

### भावनात्मक आत्मनिर्भरता

पहले स्त्रियों को भावनात्मक रूप से कमजोर माना जाता था। आधुनिक स्त्रियां अब अपनी खुशी के लिए किसी और पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने अपनी आदतों में 'सेल्फ-लव' और मानसिक मजबूती को शामिल कर लिया है। पारंपरिक बेड़ियों का त्याग करके वे अब उन आदतों और रीति-रिवाजों को चुनौती दे रही हैं, जो उसकी प्रगति में बाधक हैं। पितृसत्तात्मक सोच को नकारने में वे अब हिचक नहीं रही हैं।

### करियर और महत्वाकांक्षा

आज की स्त्रियों के लिए अब काम करना केवल समय बिताने का जरिया नहीं, बल्कि उनकी पहचान का हिस्सा है। उनकी आदतों में अब 'नेटवर्किंग', 'कौशल विकास' और 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा' प्राथमिकता पर हैं। आधुनिक स्त्रियों ने अपनी आदतों में 'डेलिगेशन' (काम सौंपना) सीख लिया है। वह हर काम खुद करके थकने के बजाय तकनीक और संसाधनों का स्मार्ट उपयोग कर रही हैं। कहने का सारांश यही है कि आज की स्त्रियां आत्मनिर्भर हो रही हैं, अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए वे पूरी तरह जागरूक हैं।

---

कभी-कभी गुस्सा, चिंता, उदासी, डर, अपराधबोध और आत्ममुग्धता जैसी नकारात्मक भावनाएं भी हमें सही दिशा देकर सफलता और सुखी जीवन की राह पर लाती हैं। इस बारे में जानिए।

## कभी-कभी नकारात्मक भाव भी आपके लिए हो सकते हैं फायदेमंद

मनोभाव

अंजू जैन



यह बात पूरी तरह सच नहीं है कि केवल सकारात्मक भावनाएं ही जीवन में सफलता लाती हैं। कई बार बुरा वक्त और गुस्सा, चिंता, डर और अपराधबोध जैसी 'नकारात्मक भावनाएं' भी सफलता और विकास के लिए शक्तिशाली उपकरण साबित होती हैं। अपने पूरे व्यक्तित्व को स्वीकार करना सफलता और संतुष्टि के लिए जरूरी है। समय-समय पर दुनिया भर के मनोविज्ञानियों, व्यवहार विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों द्वारा किए गए अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि नकारात्मक बातें भी हमारे लिए उपयोगी साबित होती हैं, कैसे जानिए-

**गुस्से की शक्ति:** गुस्सा हमेशा बुरा नहीं होता। यह वो ऊर्जा है, जो हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की शक्ति देता है। जब हम किसी बात पर गुस्सा होते हैं, तो हमारा शरीर सक्रिय हो जाता है। गुस्से को यदि सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए, तो यह अपनी सेल्फ रेस्पेक्ट की रक्षा करने और समस्याओं को हल करने में ईंधन का काम करता है। गुस्सा हम में अधिकार की भावनाओं को मजबूत करने में मदद कर सकता है।



**चिंता एक रक्षा तंत्र है:** चिंता हमें संभावित खतरों के प्रति सचेत करती है, विपरीत परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाती है। चिंता के वक्त हम अपने विभिन्न सहायता सूत्रों और अपनी छिपी हुई प्रतिभा का पता लगाने में सक्षम हो जाते हैं।

**अपराधबोध सुधार का मार्ग है:** अपराधबोध हमें अपनी गलतियों को सुधारने और एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है। जब हमें अपराधबोध होता है, तो हम अपने व्यवहार को सुधारने और दूसरों के साथ संबंध ठीक करने की कोशिश करते हैं। यह हमें नैतिक बनाए रखने में भी मददगार होता है।

**ऊब-उदासी-दुःख से सीख:** उदासी या ऊब जैसी असहज भावनाएं हमें अधिक विचारशील, साहसी और दूसरों के प्रति दयालु बनाने में मदद कर सकती हैं। अपने 'अंधेरे पक्ष' को दबाने के बजाय उसका उपयोग करके हम एक अधिक सार्थक और उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकते हैं। सच्चा व्यक्तिगत विकास तब होता है, जब हम असहज स्थितियों जैसे ऊब, दुःख या अकेलेपन का सामना करते हैं। ऊब हमें कुछ नया खोजने के लिए प्रेरित करती है, जबकि दुःख हमें गहराई से सोचने और दूसरों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने में मदद करता है।

**डर है सुरक्षा गार्ड जैसा:** रॉबर्ट बिस्वास-डाइनर और टॉड काशदान द्वारा लिखित पुस्तक 'द अपसाइड ऑफ योर डार्क साइड' में बताया गया है कि डर को खत्म करने के बजाय इसे एक ईंधन की तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। डर हमें गलतियों के प्रति सतर्क रखता है। आप चाहें तो 'डिफेंसिव पेसिमिज्म' का उपयोग कर सकती हैं। यह एक मनोवैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें हम जानबूझकर सबसे खराब स्थिति की कल्पना करते हैं। जैसे खुद से पूछें, 'अगर मैं फेल हो गया तो सबसे बुरा क्या होगा?' जब आप सबसे बुरे परिणाम का अंदाजा लगाकर इससे निपटने की योजना बना लेती हैं, तो आपका दिमाग शांत हो जाता है, क्योंकि अब आपके पास एक 'प्लान बी' है। यह आपको निडर होकर काम करने की शक्ति देता है।

**आत्ममुग्धता के लाभ:** माना कि अत्यधिक आत्ममुग्धता बुरी है, लेकिन संतुलित रूप से आत्ममुग्धता स्वस्थ आत्मविश्वास के रूप में काम करती है। थोड़ा-सी आत्ममुग्धता व्यक्ति को साहसी बनाती है, जिससे वह भीड़ से अलग हटकर अपनी बात रख पाता है और कठिन नेतृत्व वाली भूमिकाएं निभाने में सक्षम होता है। आत्ममुग्धता के कुछ लक्षण व्यक्ति को अधिक उत्पादक, रचनात्मक और महत्वाकांक्षी बना सकते हैं।

---

बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा

अभिभावकों द्वारा कभी बच्चों को गुस्से में कहे गए शब्द, उनके मन में ऐसी खरोंच छोड़ जाते हैं, जिसके घातक परिणाम हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है, बच्चों से कभी कुछ ऐसा ना बोलें, जो उनके दिल को गहरी चोट पहुंचाए, वे अपमानित महसूस करें।

## बालमन पर न पड़े शब्दों की खरोंच..



अभिभावक हर हाल में अपने बच्चों की बेहतरी ही चाहते हैं। उनके भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। एक ही परिवार के सदस्य होने के नाते माता-पिता बच्चों से औपचारिक संवाद भी नहीं करते। उनकी बातें ज्यादातर स्पष्ट और सीधी होती हैं। समस्या यह है कि कई बार सीधे-सीधे कह दिए गए कुछ शब्द बच्चों के मन में गहरे घाव कर जाते हैं। हाल में हुई एक दुःखद घटना में कानपुर के चौबीस वर्षीय युवा का सुसाइड नोट पिता के कहे कुछ शब्द दिल में बसी निरादर यादें बनकर रह जाने का ही मामला है। उसने अपने सुसाइड नोट में पिता के अत्यधिक कठोर बर्ताव और बचपन के टॉर्चर को मौत की वजह बताया। बचपन में छोटी-छोटी गलतियों पर पिता की मार और मार्क्स कम आने पर घर से निकालने की धमकियां उसके लिए बहुत कड़वी यादें बन गई थीं।

**अपमान के घाव:** आमतौर पर बड़े सोचते हैं कि बच्चों को मान-अपमान का बर्ताव समझ में नहीं आता। सहज आक्रोश हो या तीखी बहस, बड़े बहुत कुछ बोलकर भूल जाते हैं। जबकि ऐसे ताने-उलाहने बच्चों के मन पर सदा के लिए अंकित हो जाते हैं। जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही अभिभावकों से भावनात्मक रूप से दूर हो जाते हैं। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों से उनका आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है। दुनिया के सबसे सुंदर रिश्ते में भी बच्चे असुरक्षित महसूस करने लगते हैं। जिन शब्दों को कहकर हम बड़े भूल जाते हैं, बच्चे याद रखते हैं। न केवल याद रखते बल्कि याद दिलाते भी हैं, 'आपने तो ऐसा कहा था ना!' आमतौर पर इंसान मन दुःखाने वाली बातों को कभी नहीं भुला पाता। बच्चों का मन तो और कोमल होता है। उपेक्षा, अपमान और उपहास बहुत शिद्दत से याद रखता है। कानपुर का उक्त मामला बताता है कि अभिभावक अपने शब्दों को जरा सधकर इस्तेमाल करें। अपनी शिकायत हो या समझाइश, थोड़ा ठहराव बरतें।

**इरादे पर भारी इमोशन:** कहे गए शब्दों से आहत होकर सुसाइड करने, घर छोड़ने या अपने अभिभावकों से दूरी बना लेने के मामले आए दिन सामने आते हैं। अभिभावक भी ऐसा कुछ होने पर उलझन में पड़ जाते हैं, क्योंकि उनका इरादा अपने बच्चे के मन को ठेस पहुंचाने का नहीं होता। कभी परिस्थितिवश भी बहुत कुछ कह बैठते हैं तो कभी लहजा सख्त हो जाता है। समझना जरूरी है कि बच्चे, बड़ों के मन में छिपे इमोशंस को नहीं देख पाते। अभिभावकों के भले इरादे पर भी बालमन की आहत भावनाएं भारी पड़ जाती हैं। वे अभिभावकों को सबक सिखाने की बात सोचने लगते हैं। इसी इमोशनल बहाव में कोई पीड़ादाई कदम उठा लेते हैं। कई बार उम्र के एक पड़ाव को पार करने के बाद बच्चे अपने मन में दबे इस अपमान और दुःख को और गहराई से महसूस करते हैं। अभिभावकों का हर बात में कंट्रोल करना और स्नेह नहीं जताना, बच्चों को जिंदगी के प्रति उदासीन बना देता है। इसीलिए अभिभावकों की मंशा ही नहीं मनोबल बढ़ाने या तोड़ने वाले शब्द भी मायने रखते हैं।

**दूसरों की मौजूदगी का दंश:** कड़वे शब्दों के साथ अगर उपहास और बेइज्जती भी जुड़ जाए तो यह दिल में कील की तरह धंस जाता है। दूसरों की मौजूदगी में किया गया अपमान बहुत गहरी टीस बन जाता है। इस युवा ने भी सुसाइड नोट में लिख छोड़ा है कि मोहल्ले और घर के बाहर अपशब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित करने की पीड़ा उसे आज भी थी। आमतौर पर हमारे परिवारों में बड़े भी एक-दूसरे से यह कहते दिखते हैं कि 'यह बात मुझे अकेले में कहते।' फिर घर के बड़े बच्चों को कुछ कहते-समझाते हुए यह बात क्यों भूल जाते हैं? अभिभावक घर के बाहर डांटने-डपटने की गलती तो बिल्कुल न करें। अभिभावकों को समझना होगा कि बालमन पर शब्दों की खरोंच न पड़े।

---

हेयर केयर

नैंसी गुप्ता

## हेयर मास्क से मानसून में बाल रहेंगे हेल्दी

बारिश का मौसम बालों के लिए कई समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में हवा में नमी बढ़ने के कारण बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी हो सकते हैं। साथ ही स्कैल्प में पसीना और गंदगी जमा होने से डैंड्रफ, खुजली और बाल झड़ने जैसी परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। अच्छी बात यह है कि कुछ आसान घरेलू हेयर मास्क की मदद से मानसून में भी बालों की चमक और मजबूती बनाए रखी जा सकती हैं। बारिश के मौसम में बालों की देखभाल के लिए कुछ प्रभावी घरेलू हेयर मास्क के बारे में यहां बता रहे हैं।



**दही-शहद का हेयर मास्क:** मानसून में बालों में नमी बनाए रखना बेहद जरूरी है। दही और शहद का मिश्रण बालों को गहराई से पोषण देने का काम करता है। इसके लिए दो चम्मच दही में एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें और बालों की लंबाई पर लगाएं। लगभग 20 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। यह मास्क बालों को मुलायम और चमकदार बनाने में मदद करता है।



**करी पत्ता-नारियल तेल मास्क:** करी पत्ता बालों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। कुछ करी पत्तों को पीसकर नारियल तेल में मिलाएं और इस मिश्रण को बालों की जड़ों पर लगाएं। इससे उन्हें पोषण मिलेगा।

**केला-नारियल तेल मास्क:** बारिश के मौसम में फ्रिजी बालों की समस्या आम होती है। इसे कम करने के लिए पके हुए केले में एक चम्मच नारियल तेल मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को बालों पर 25 से 30 मिनट तक लगाकर रखें। इसके बाद बालों को धो लें। यह मास्क बालों को स्मूद बनाने के साथ-साथ उनकी प्राकृतिक चमक को भी बढ़ाता है।

**एलोवेरा-दही का मास्क:** यदि स्कैल्प में खुजली या डैंड्रफ की समस्या हो रही है, तो एलोवेरा और दही का हेयर मास्क फायदेमंद हो सकता है। दो चम्मच ताजा एलोवेरा जैल में दो चम्मच दही मिलाकर स्कैल्प और बालों पर लगाएं। यह मिश्रण स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है और बालों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

**मेथी-दही का मास्क:** रातभर भिगोई हुई मेथी को पीसकर उसमें दही मिलाएं और बालों की जड़ों में लगाएं। लगभग आधे घंटे बाद बाल धो लें। यह मास्क बालों के झड़ने को कम करने और जड़ों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

**(हेयर एक्सपर्ट ऐशानी वर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

सजेशन


निधि गोयल

आप वर्किंग वूमेन हों या फिर हाउसवाइफ, अपनी फिटनेस पर पूरा ध्यान देना चाहिए। आपका बेली फैट न बढ़े, इसके लिए आप कुछ ईजी एक्सरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल कर सकती हैं।

## ईजी एक्सरसाइज से बेली फैट होगा कम

आज के दौर में कॉलेज गोइंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वूमेन तक और हाउसवाइफ भी अपनी फिगर को फिट रखना चाहती हैं। यह जरूरी भी है क्योंकि इससे न केवल आप एनर्जेटिक फील करती हैं, हर तरह की ड्रेस पहन सकती हैं। फिट फिगर को मेंटेन करने में महिलाओं के लिए कॉमन प्रॉब्लम बेली फैट होता है। इसे कंट्रोल करने के लिए रेग्युलर एक्सरसाइज करना जरूरी है। अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो भी कुछ एक्सरसाइज से आप अपने बेली फैट को कम कर सकती हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।



**तेज चाल से वॉकिंग:** रोजाना कुछ मिनट तेज चाल से वॉकिंग या रनिंग से सबसे जल्दी बेली फैट कम होता है। सो आप रोज सुबह, घर के बाहर किसी पार्क में या फिर सड़क किनारे तेज वॉकिंग कर सकती हैं। यदि वर्किंग हैं तो शाम को या फिर सुबह जल्दी उठकर तेज गति से वॉकिंग जरूर करें। कम से कम तीस से पैतालीस मिनट की डेली फास्ट स्पीड वॉकिंग आपके बेली फैट को कम करने में बहुत कारगर है।

**माउंटेन क्लाइंबर्स:** माउंटेन क्लाइंबर्स एक्सरसाइज में आपको जमीन पर उलटे हाथ के पंजो और पैर के पंजों के बल पर शरीर को उठाना होता है। इसके साथ तेजी से घुटनों को एक-एक करके आगे पीछे करना होता है। इसे भी तीन सेट में आपको करना चाहिए। इससे पेट और कोर मसल्स को मजबूती मिलती है और पेट की चर्बी कम होने लगती है। इससे बेली टोंड दिखने लगता है।

**प्लैंक:** जब आप अपना एक्सरसाइज रूटीन खत्म कर लें, खासकर जंपिंग जैक्स के बाद, आप कुछ मिनट प्लैंक जरूर करें। दरअसल, हार्ड वर्कआउट से शरीर गर्म हो जाता है और प्लैंक करते ही पेट पर इसका सीधा असर पड़ता है। ऐसा रोज करने से बेली फैट तेजी से कम होता है और उसकी मसल्स में टोनिंग आ जाती है। इसे करने के लिए आपको पेट के बल लेटकर हथेलियों और पैर के पंजे के बल पर शरीर को ऊपर उठाना होता है। ज्यादा से ज्यादा समय तक ऊपर रोककर रखना होता है। हर बार जितना संभव हो स्टे टाइम को बढ़ाते रहना होता है।

**जंपिंग जैक्स:** बेली फैट को कम करने के लिए जंपिंग जैक्स एक्सरसाइज भी बेहद फायदेमंद है। इसे तीन सेट में करना चाहिए। आरंभ में आप 15-15 स्टेप्स के तीन सेट में यह एक्सरसाइज करें। जंपिग जैक्स करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज होती है लेकिन इससे पेट की चर्बी जल्दी कम होती है। यह एक्सरसाइज आप घर में कहीं भी खुली जगह में कर सकती हैं।

**इन बातों पर ध्यान दें:** जंक फूड खाने से बचें, ज्यादा से ज्यादा सलाद और फल खाएं। चीनी, कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम करें। रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें। तली-भुनी चीजें कम से कम खाएं।

**(फिटनेस इंस्ट्रक्टर राहुल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## सुंदर ब्रांच में पानी को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवा पा रही सरकार: रोहताश

### सुन्दर ब्रांच में महीने में 15 दिन और रजबाहों में पूरा हफ्ता पानी दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

कस्बे तथा क्षेत्र के गांव के किसानों की जीवन रेखा कहे जाने वाली सुन्दर ब्रांच नहर में महीने में 15 दिन पानी छोड़ने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के एक महत्वपूर्ण घटक ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) की ब्लॉक कमेटी बुवानी खेड़ा ने सोमवार 6 जुलाई को तहसील कार्यालय, बवानी खेड़ा में तहसीलदार, बवानी खेड़ा के माध्यम से सिचाई मन्त्री, सरकार के नाम एक ज्ञापन कानूनगो शैलेष को दिया। इस मौके पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए एआईकेकेएमएस के जिला प्रधान रोहताश सिंह सैनी ने बताया कि आज बिजली और पानी मूलभूत जरूरतें हैं। बिजली-पानी उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी बनती है, लेकिन सरकार जनता को बिजली और पीने का पानी तक पूरा उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। नलों में कई-कई दिनों तक पानी नहीं आता है। बिजली कटौती की भयंकर समस्या के कारण इस गर्मी में बूढ़े और बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि बिजली और स्वच्छ पेयजल का पूरा प्रबंध करे। सुन्दर ब्रांच में पर्याप्त मात्रा में पानी महीने में 15 दिन दिया जाए और रजबाहों में पूरा एक हफ्ता पानी दिया जाए ताकि पानी की किल्लत न हो। आज पीने के पानी और सिंचाई के लिए पानी की विकट समस्या है, जबकि पहले इसी नहर से गन्ने की फसल भी उपजाई जाती थी। विडंबना यह है कि कभी बाढ़ और बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से फसल तबाह हो जाती है और कभी नहरों में पानी की कमी से फसल नहीं हो पाती है। यह सरकार की गलत नीतियों का दुष्परिणाम है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार तुरंत प्रभाव से समस्या का समाधान नहीं करती है, तो संगठन बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। संगठन के बवानी खेड़ा ब्लॉक प्रधान सतबीर सिंह बोहल ने कहा की सरकार किसानों के सिचाई व पीने के पानी की मांग का तुरंत समाधान करें।



बवानीखेड़ा। पानी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

### नाजायज मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग रखी

किसान संगठन के जिला सचिव मास्टर बस्तीराम ने बिजली-पानी की किल्लत दूर करने, सी 250प्रतिशत के हिसाब से यानी लागत के डेढ़ गुना दामों पर एमएसपी लागू कर सभी फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बनाने, दूध, एनपीके खाद, पेट्रोल, डीजल, कमर्शियल गैस व रसोई गैस सिलेंडर आदि की नाजायज मूल्य वृद्धि वापस लेने और डीएपी व युरिया खाद्य का पूरा प्रबंध करने की मांग की। उन्होंने किसान-मजदूरों से अपने हकों के लिए जोरदार ढंग से अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। संगठन के ब्लॉक कमेटी सदस्य मास्टर हनुमान रोहिला ने कहा कि सरकार भारत की साम्राज्यवाद-विरोधी गौरवशाली परंपरा के उलट अमेरिकी साम्राज्यवाद की ओर झुकती जा रही है और उसके दबाव में अमेरिका के लिए भारतीय कृषि बाजार को खोला जा रहा है, जो किसानों के हित के खिलाफ है। इससे भारत का पहले से ही काफी घाटे में चल रहा है किसान और भी भारी बर्बादी की तरफ चला जाएगा और वह खेती छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएगा। इससे आम जनता के जनजीवन पर भी बहुत बुरा असर पड़ेगा। इस प्रदर्शन में फूल चन्द, रामकुमार, भागीरथ, गुलाब बोहल, ओमप्रकाश मडेरना, महेंद्र सिंह, सन्दीप पपोसा, हरफूल, रामधारी यादव आदि कई लोगों ने भाग लिया।

# राजू पहलवान और रोशन लाल सरपंच का किया स्वागत

■ बापोड़ा मंडल की मासिक बैठक लोहानी में डीएम मनोहर लाल कार्यालय पर हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम


तोशाम। बैठक में स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

भाजपा बापोड़ा मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंडल पालक विक्रम ठाकुर ने बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान तथा विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान भाजपा जिला खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी राजू पहलवान और रोशन लाल सरपंच को किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया। राजू पहलवान ने अपनी नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुंदरपाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य इमरान बापोड़ा, मंडल महामंत्री दिनेश भारद्वाज, राजा सरपंच, राधेश्याम शर्मा, अजीत शेखावत आदि मौजूद रहे।

### दुष्यंत दस को लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**बाढड़ा।** प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व जजपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला 10 जुलाई को सुबह 10 बजे कस्बे के दादरी रोड़ बाढडा के रायल रिसोर्ट में बाढडा विधानसभा के कार्यकर्ताओं की हल्का स्तरीय बैठक लेंगें। यह जानकारी जजपा जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास व जजपा जिला प्रवक्ता राजेंद्र हूई ने दी। हल्का स्तरीय बैठक की अध्यक्षता हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली करेगें। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जी उपस्थित रहेंगें। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला बीएलए 2 पर चर्चा करेंगे और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देंगें और एसआईआर के बारे में बताएंगे।

# प्राथमिकता के आधार पर करें शिकायतों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी


समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम डॉ. विरेंद्र सिंह।

सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह ने कहा कि संबंधित अधिकारी प्राप्त और लंबित शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना ही है। शिविर प्रदेश सरकार की जनहितकारी पहल है, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा मिलती है। एसडीएम डॉ. विरेन्द्र के समक्ष बिजली, पानी, अवैध कब्जे, पीपीपी में आय दुरुस्त करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, आधार कार्ड संबंधी शिकायत एवं अन्य शिकायतें मिली।



### संगठन की मजबूती विजय का आधार: विधायक

**चरखी दादरी।** विधायक सुनील सांगवान ने भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से दादरी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में बैठकें की। बैठक में विधायक सांगवान ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका मजबूत बूथ स्तर का संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में देश और हरियाणा प्रदेश आज विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विधायक ने सोमवार को गांव बौंद कलां, बौंद खुर्द एवं रणकोली में बूथ स्तरीय संगठनात्मक बैठकों को संबोधित किया। सांगवान ने स्पष्ट किया कि बूथ स्तर का सशक्त संगठन ही आगामी समय में पार्टी की जीत का आधार बनेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री एडवोकेट राष्ट्रदीप परमार, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बलविंद्र जोगी, अशोक परमार व मंडल अध्यक्ष सुरेश परमार आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने स्थापना दिवस मनाया

## तीसरी के विद्यार्थियों ने 'आओ स्कूल चले हम' समूह गान प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। स्थापना दिवस पर पौधारोपण करते हुए।

सोमवार को प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी का 19वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें एन.सी.सी. भिवानी के असिस्टेंट कमांडर कर्नल एंटोनी हेनरी सेल्वम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वेलकम डांस द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। कक्षा 12वीं के छात्र मोक्ष शर्मा ने विद्यालय के स्थापना दिवस के संदर्भ में प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने 'आओ। स्कूल चले हम' समूह गान प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी हिमांशु, पुनीत, रितिका, सपना और दीक्षा ने 'कुछ पाने की हो आस - आस' समूह गान के माध्यम से दर्शकों को झूमने पर बाध्य कर दिया। कक्षा पांचवी और छठी की छात्राओं काव्यांशी, सोनम, चित्रा, हर्षिका, तनिष्का, भव्या, श्रेया, दीपिका और तन्वी ने 'किसी की मुस्कुराहटों पर को निसार' गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। प्राचार्या ने विद्यालय के संस्थापक सदस्यों नीरज गर्ग और राकेश सिंघल जी व शिक्षिका सरिता बिजरानियां को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की भूरि - भूरि प्रशंसा की और उन्हें अपने अभिभावकों, राज्य व राष्ट्र के प्रति कर्तव्य वहन करने के लिए जागरूक किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, प्राचार्या के साथ सभी एन.सी.सी. कैडेट्स ने इस अवसर पर पौधारोपण किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉक्टर निर्मल नीतू ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया।

### बेटियों और महिलाओं को किया सम्मानित

**भिवानी।** महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव डोहकी में सखी सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम सांसद धर्मबीर सिंह की पत्नी मंजू मुन्नी देवी के सम्मान में हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चरखी दादरी जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुशीला फौगाट ने की। मुख्यतिथि और विशिष्ट वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की भागीदारी एवं उनके अधिकारों को लेकर विस्तृत चर्चा की। ग्रामीणों व महिला कार्यकर्ताओं ने मंजू धर्मबीर को शॉल और बुके भेंटकर सम्मानित किया। डोहकी व आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, खेल और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों और महिलाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण जरूरी

**चरखी दादरी।** जिले में चल रहे एसआईआर कार्य में मतदाता गणना प्रपत्रों का एप के माध्यम से डिजिटाइजेशन सबसे महत्वपूर्ण है, ये काम 14 जुलाई तक ही हो सकता है, ऐसे में प्रत्येक मतदाता समय रहते प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा करा दें। इसके बाद मतदाता को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में एक जुलाई 2026 को अर्हता तिथि मानकर जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर का कार्य प्रगति पर है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर के नेतृत्व में सभी ईआरओ-एईआरओ व सुपरवाइजर सहित बीएलओ मतदाताओं से सीधा संपर्क करते हुए गणना प्रपत्रों को भरवाकर एप पर डिजिटाइजेशन कार्य करने में प्रभावी जिम्मेवारी निभा रहे हैं।

### भाजपा बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

**चरखी दादरी।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रांतीय सचिव आनंद सिंह श्योराण ने कहा कि भाजपा सरकार केवल बयानबाजी करने वाली सरकार है, इसे पूरे हरियाणा के लाखों नौजवानों के हितों से कोई मतलब नहीं है। मौजूदा सरकार एक भी परीक्षा पूरे पारदर्शी तरीके से ना तो करवा सकती है और न ही करवाने की नीयत दिखाती है। आनन्द सिंह श्योराण ने एचटेट पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में दिए गए प्रश्नों की विश्वसनीयता पर उठाए गए सवाल वाजिब हैं। बीजेपी सरकार बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों में परीक्षा में पूछे गए सवालों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रही जिसके कारण अभ्यर्थी सही से पेपर नहीं दे पाए।

### एचटेट में भारी लापरवाही पर भड़की कांग्रेस

**भिवानी।** हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा में सामने आई गंभीर अनियमितताओं और भारी चूकों को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। परीक्षा के दौरान अव्यवस्था, गलत प्रश्नपत्र और प्रशासनिक खामियों पर कड़ा रोष जताते हुए कांग्रेस शहरी जिला प्रधान प्रदीप गुलिया जोगी ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा नहीं, बल्कि प्रदेश के पढ़े-लिखे युवाओं के भविष्य एवं उनकी भावनाओं के साथ सरेआम खिलवाड़ है। एचटेट के दौरान सामने आई गड़बड़ियों ने परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र से मुहावरे गायब थे, लेकिन परीक्षार्थियों से उनके अर्थ चुनने को कह दिया। वही हिंदी व अंग्रेजी के अंकों में भारी अंतर पाया, जिससे परीक्षार्थी भ्रमित हो गए। वहीं ऐसे सवाल पूछे गए, जिनका संदर्भ पूरे प्रश्न पत्र में कहीं था ही नहीं।

### तोशाम हलके के इनेलो कार्यकर्ता पहुंचे चैनत

**तोशाम।** गांव चैनत में धरने पर बैठे ग्रामीणों का समर्थन करने के लिए इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला ने इनेलो के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की। जिसके चलते तोशाम हलके के इनेलो कार्यकर्ता गांव चैनत पहुंचे। उल्लेखनीय है कि हांसी जिले के गांव चैनत में पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण धरने पर बैठे हुए हैं। धरने का समर्थन करने के लिए भिवानी जिले के किसान सेल के जिला अध्यक्ष अजीत बडेसरा के नेतृत्व में इनेलो कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान इनेलो कार्यकर्ताओं ने धरने पर बैठे ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और कहा की भाजपा सरकार अपनी मनमानी कर रही है। इस दौरान पहुंचे इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया तथा ग्रामीणों की समस्याओं को पूछा।

### निगरानी समिति की बैठक आयोजित


**भिवानी।** एसडीएम महेश कुमार के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार जयवीर सिंह ने की। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज मामलों, पीड़ितों को दी जाने वाली राहत राशि तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। तहसीलदार जयवीर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि एससी/एसटी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर राहत राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए तथा पात्र व्यक्तियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को सभी मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार पूरी तरह से चरम पर : फरटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

सोमवार को लोहारू से कांग्रेस विधायक राजवीर फरटीया तथा तोशाम व्यापार मंडल के प्रधान जोगेंद्र मलिक ने तोशाम पहुंच सुरेंद्र सिंह चौक पर स्थित स्टाइल जंक्शन शोरूम का रिबन काटकर शुभारंभ किया। शोरूम संचालक प्रदीप एवं बल्लू आलमपुरिया ने आए हुए अतिथियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि वैसे तो भाजपा सरकार बिना पर्ची बिना खर्ची का नारा देती है लेकिन भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार पूरी तरह से चरम पर है। जिसका एक उदाहरण हाल ही में तोशाम में 65000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया भाजपा तोशाम का मुख्य कार्यकर्ता तथा कानूनगो है। इस दौरान पहुंचे तोशाम व्यापार मंडल के प्रधान जोगेंद्र मलिक का कहना था कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है जहां भाजपा भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म करने की बात करती है वहीं दिन-प्रतिदिन भ्रष्टाचार के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं।


तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में विधायक को सम्मानित करते हुए।

### कांग्रेस नेता अनिल के पिता का निधन, अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़

**चरखी दादरी।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल धनखड़ के पिता सत्यवान धनखड़ का रविवार देर सांय आकस्मिक निधन हो गया, वे 68 वर्ष के थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार सुबह उनके पैतृक गांव मोरवाला में पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार किया। बड़े पुत्र सुनील धनखड़ ने चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में सैंकड़ों लोगों ने भाग लेकर नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को तुरंत निपटाएं

■ डीएमसी हरबीर सिंह ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में डीएमसी हरबीर सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित हुआ। डीएमसी ने शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके।

डीएमसी हरबीर सिंह के समक्ष न्यू भारत नगर निवासी महेंद्र ने अनाज मंडी में गेहूं की बिक्री की राशि दिलवाने, गांव इंदीवाली निवासी अनिल कुमार ने अवैध कब्जे पर कार्रवाई करवाने, गैर-सरकारी सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार ने अवैध पेयजल कनैक्शन हटवाने बारे, गैर सरकारी सदस्य अनिल सोलंकी ने हनुमान गेट चौक पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सडक़ पर पड़ी मिट्टी हटवाने, चरण सिंह ने कब्जा कार्रवाई रुकवाने, अशोक ने बकाया मजदूरी दिलवाने, विनोद ने जलभराव की निकासी हेतू बिजली कनेक्शन दिलवाने मांग की, गांव धनाना निवासी दीपक ने बस स्टैंड के सामने व नाले की सफाई करवाने की मांग रखी।

### जयबीर को मातृ शोक सामाजिक संगठनों ने शोक जताया

**बाढड़ा।** जुई रोड स्थित पेट्रोल पंप संचालक समाजसेवी जयबीर श्योराण की माता के निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पहुंच कर गहरा शोक जताया। बाढड़ा निवासी लच्छी राम की पत्नी रिसालों देवी के निधन पर विधायक सुनील सांगवान, विधायक उमेद पातुवास, पूर्व सीपीएस रणसिंह मान, पूर्व विधायक सुखविंद्र मांढी, पूर्व विधायक कर्नल रघबीर छिल्लर, भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, एसडीएम मनोज दलाल, सांसद धर्मपत्नि मंजू देवी, जजपा किसान सैल प्रदेशाध्यक्ष नरेश द्वारका आदि ने शोक जताया।

## ब्लाइमी सॉफ्टवेयर लेखन कौशल को सुदृढ़ बनाने वाला प्रभावी शिक्षण संसाधन

# दृष्टिबाधितों को स्पेलिंग टूल का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आस्था स्पेशल स्कूल के संस्थापक विजय शर्मा ने अपने जन्मदिन को समाजसेवा के लिए समर्पित किया और हरियाणा में पहली बार दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए एक दिवसीय विशेष तकनीकी कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन कर उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने की अनूठी पहल की। कार्यक्रम में देशभर से आए दृष्टिबाधित प्रतिभागियों, विशेष शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित एवं द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर मुख्यतिथि के रूप में जेबी गुप्ता हॉस्पिटल की डॉ. उदिता गुप्ता ने शिरकत की। उन्होंने विद्यालय की गतिविधियों का अवलोकन करते हुए कहा कि वास्तव में आस्था स्पेशल स्कूल दिव्यांग बच्चों के जीवन में नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। डॉ. उदिता ने कहा कि विजय शर्मा एवं सुमन शर्मा का समर्पण, सेवा भावना और जुनून प्रेरणादायक है, वे दिव्यांगजनों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं।


भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में तकनीकि कार्यशाला एवं सेमिनार में उपस्थित अतिथि व दिव्यांगजन। फोटो : हरिभूमि

### अलग पहचान बनाएंगे

इस अवसर पर एनेबल इंडिया बेंगलुरू से आए दृष्टिबाधित अभियंता ईजाज ने प्रतिभागियों को ब्लाइमी सॉफ्टवेयर एवं स्पेलिंग टूल का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि ब्लाइमी सॉफ्टवेयर स्व-अध्ययन आधारित शिक्षण प्रणाली है, जिसके माध्यम से दृष्टिबाधित विद्यार्थी स्वतंत्र रूप से कम्प्यूटर एवं डिजिटल कौशल सीख सकते हैं। वहीं स्पेलिंग टूल वर्तनी, शब्दावली एवं लेखन कौशल को सुदृढ़ बनाने वाला प्रभावी शिक्षण संसाधन है। प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने कहा कि आधुनिक तकनीक से जुड़कर दृष्टिबाधित बच्चे किसी पर आश्रित नहीं रहेंगे, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपनी अलग पहचान बनाएंगे।

## खबर संक्षेप



### सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी कांग्रेस

**चरखी दादरी।** दादरी जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुशील की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में हरियाणा कांग्रेस के सह प्रभारी एवं एआईसीसी सचिव एडवोकेट जितेन्द्र बघेल ने कार्यकर्ताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को पूरी गंभीरता से संचालित करने का आह्वान किया। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने को अभियान तेज किया जाएगा।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**भिवानी।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक और भारत माता के महान सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा विभिन्न गांवों में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज धारेडू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज ने धारेडू, कायला, बामला-1, बामला-2 और नौरंगाबाद सहित क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया डॉ. मुखर्जी को याद किया।

### स्मार्ट मीटर पॉलिसी यूएस ट्रेड डील घातक

**बाढड़ा।** किसान मजदूर संगठन की ओर से गांव मांढी केहर में किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार हाड़ौदी ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की जा रही स्मार्ट मीटर पॉलिसी किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब कृषि ट्यूबवेलों पर पहले से फ्लैट रेट निर्धारित है, तो स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बनाना सरकार की गलत मनसा की ओर इशारा कर रहा है। किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार ने स्मार्ट मीटर थोपने का आरोप लगाया है।

### माय युवा भारत केंद्र में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर कार्यक्रम


# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश-एक संविधान के लिए किया संघर्षः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**युवाओं से डॉ. मुखर्जी के विचारों को अपनाने का आह्वान**

मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) की ओर से यूथ हॉस्टल भिवानी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 126वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर विक्रम सिंह ने की। इस अवसर पर प्रो. चंद्रभान, शिक्षाविद नवीन कुमार, पूर्व मंत्री रामविलास शर्मा के मीडिया सलाहकार रितिक वधवा, राज्य पुरस्कार विजेता समाजसेवी दीपा तंवर, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण गोलागढ़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनका स्पष्ट संदेश था कि देश में दो झंडे और दो संविधान नहीं चलेंगे" उन्होंने कहा कि मुखर्जी ने यह भी कहा था कि बंगाल को विभाजित नहीं होने देंगे और राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखा। ठाकुर विक्रम सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का त्याग और बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। युवाओं को उनके राष्ट्रवादी विचारों और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला युवा अधिकारी मनसा ने मेरा युवा भारत की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर जितेंद्र सैनी, अशोक कुमार भारद्वाज, प्रवीण गोलागढ़, सचिन, स्वराज, नरेश, साक्षी, सन्नी, प्रमोद सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।






भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह एवं भावभीनी श्रद्धांजलि देते पार्टी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

#### स्वतंत्रता के बाद भी भूमि विवाद जारी

सांसद ने कहा कि देश आजाद होने के बाद भी कुछ क्षेत्रों की जमीन से जुड़े कई विवाद बने रहे। अंग्रेज जाते-जाते भी सत्ता हस्तांतरण के दौरान ऐसी कूटनीति अपनाकर गए, जिसके प्रभाव आज भी देखने को मिलते हैं। उन्होंने हरियाणा के अलखपुरा, मिलकपुर और सिकंदरपुर गांवों की जमीन से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन समस्याओं के समाधान के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि देश दोबारा कभी कमजोर न हो, इसलिए ऐसे प्रेरणादायी आयोजन आवश्यक हैं।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान सदैव रहेगा स्मरणीय : वीरेंद्र कौशिक

**भिवानी।** जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान शिक्षाविद डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पूरी श्रद्धा, सम्मान और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस विशेष कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डा. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जयंती कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर जिला महामंत्री रमेश पचरवाल व रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा, प्रदीप प्रजापति एवं विशालजीत सिंह, जिला सचिव लवकेश बंटी, जिला कार्यालय सचिव इतेन्दर शर्मा, जिला आईटी प्रमुख अंकित पालुवास, जिला सोशल मीडिया प्रमुख सूर्या प्रताप और जिला मीडिया सह-प्रमुख नितिन भारद्वाज, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सुंदर पाल आदि ने याद किया।



तोशाम। तोशाम में आयोजित बैठक में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी।

## भाजपा कैरू मंडल में बूथ सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

- भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

भारतीय जनता पार्टी कैरू मंडल की मासिक बैठक विश्वकर्मा कंप्यूटर सेंटर कैरू में मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के दौरान भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को नमन किया। बैठक के मुख्य वक्ता रवि महमिया ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां एक समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता अपनी मेहनत एवं संगठन के प्रति समर्पण के बल पर सर्वोच्च जिम्मेदारियों तक पहुंच सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत बूथ स्तर के कार्यकर्ता के रूप में कर चुके हैं। इसी प्रकार राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी संगठन में बूथ अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके हैं। बैठक में मंडल पदाधिकारी, बीएलए-1 रमेश लालावास, प्रदीप गोलागढ़, बिजेंद्र चेयरमैन, अक्षय जुई, सुरेंद्र मोरवाल बीडीसी, सुरजीत भानगढ़, चंदीप, जगमाल, सतनारायण, मुकेश, घनश्याम, मुकेश, संजय, रामनिवास, मनोज शर्मा, अजय, अशोक तंवर कैरू, मास्टर सतबीर, नरेश जांगड़ा, राजबीर, धर्मपाल, प्रदीप पोटलिया आदि मौजूद रहे।

#### बैठक में समीक्षा

बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने, बूथ समितियों को सक्रिय करने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही बीएलए-2 के कार्यों, संगठन के विभिन्न अभियानों एवं डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी कार्यकर्ताओं से डिजिटल लर्निंग अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध तरीके से निर्वहन करने का आह्वान किया गया।

### नैनीताल और हिमाचल में छात्राओं ने गाड़े सफलता के झंडे

## राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर लौटीं छात्राओं का स्कूल में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी के महम गेट स्थित पंडित सीताराम शास्त्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने एक बार फिर खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड के नैनीताल और हिमाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विजेता छात्राओं लक्षिता, सुहानी, दक्ष और निहारिका का स्कूल परिसर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हरियाणा शेखावटी ब्रह्मचर्य आश्रम समिति के प्रशासक शुकदेव मुनि और प्राचार्या सोनिया कौशिक ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई। प्राचार्या ने कहा कि यह सफलता कोच, अभिभावकों और स्टाफ के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्कूल का उद्देश्य छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में सफल बन सकें। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरित कर खुशी मनाई गई और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प लिया गया।



भिवानी। पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बीके स्कूल में अंग्रेजी डेक्लेमेशन प्रतियोगिता

- छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से एक अंतर्सदनीय 'अंग्रेजी डेक्लेमेशन' (आशुभाषण) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की सुबह की प्रार्थना के साथ अत्यंत गरिमामय माहौल में हुआ। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच का कुशलतापूर्वक संचालन ग्यारहवीं कक्षा की मेधावी छात्रा यशस्वी व सांची ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका आचार्य डी. आर. ने निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की मनोवैज्ञानिक मीना ने, पॉक्सो एक्ट (बालिका सुरक्षा) के अंतर्गत छात्राओं को 'गुड टच और बैड टच' के प्रति जागरूक करते हुए निडर रहने और किसी भी असुरक्षा की स्थिति में तुरंत अपने शिक्षकों या अभिभावकों से बात करने के लिए प्रेरित किया। पॉक्सो एक्ट (बालिका सुरक्षा) प्राचार्य ने बालिकाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता जताते हुए 'पॉक्सो एक्ट' (बाल अपराधों से संरक्षण अधिनियम) के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस गरिमापूर्ण अवसर पर वरिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक, सदन प्रभारी कविता कुमारी, मीनू वालिया, मीनाक्षी जांगड़ा, सिंपी रानी गतिविधि प्रभारिका सोनम, सतेंद्र एवं माध्यमिक विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



बवानीखेड़ा। आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुती देती एक प्रतिभागी।

#### इंद्रप्रस्थ सदन की छात्रा ईशु प्रथम

प्रतियोगिता में प्रथम स्थानः इंद्रप्रस्थ सदन की छात्रा ईशु और कशिश, द्वितीय स्थानः तक्षशिला सदन की छात्रा सिमर एवं भावना तथा तृतीय स्थानः शांतिनिकेतन सदन की छात्रा चेष्टा, साक्षी एवं नालंदा सदन से कुमार कृष्णा और दिशिका ने प्राप्त किया।

### श्रम कल्याण बोर्ड चेयरमैन रोहताश जांगड़ा का सम्मान समारोह आज बाढड़ा में

**बाढड़ा।** जांगिड़ ब्राह्मण सभा बाढड़ा एवं समस्त जांगिड़ समाज बाढड़ा चरखी दादरी द्वारा 7 जुलाई को श्रम कल्याण बोर्ड चेयरमैन रोहताश जांगड़ा का स मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जांगिड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान मनोज डुडीवाला व खंड प्रधान भूपसिंह भांडवा ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह लोहारू रोड स्थित जांगिड़ धर्मशाला में दोपहर2 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पदाधिकारी मंडल ने बताया कि समारोह का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सम्मान की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। जांगिड़ ब्राह्मण सभा बाढड़ा और समस्त जांगिड़ समाज ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## लंबित मांगों को लेकर भड़कीं आशा वर्कर्स

- सिविल सर्जन कार्यालय में डिप्टी सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

लंबित मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जिले की आशा वर्कर्स ने सोमवार को नागरिक अस्पताल परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम सिविल सर्जन कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष चंद्रमुखी ने की तथा मंच संचालन जिला उपप्रधान बबीता मोड़ी ने किया। राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व प्रदेश सरकार लगातार आशा वर्कर्स की जायज मांगों की अनदेखी कर रही हैं। राज्य उपप्रधान कमलेश भैरवी ने कहा कि आशा वर्कर्स प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं, लेकिन उनके मानदेय एवं कार्य परिस्थितियों से जुड़े मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं है। मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



चरखी दादरी। सिविल सर्जन कार्यालय में डिप्टी सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपती आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

#### आशा वर्कर्स की मांगों का किया समर्थन

किसान सभा के जिला प्रधान रणधीर सिंह कुंगड़ ने भी धरने को समर्थन देते हुए आशा वर्कर्स की मांगों को उचित बताया और सरकार से तत्काल समाधान की मांग की। धरने को कविता रामनगर, प्रमिला गुडाना, ममता, कमला और अनीता ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 में घोषित 1,500 रुपये की मानदेय वृद्धि को अभी तक लागू नहीं किया है, जिसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए।

#### पुलिस-आशा वर्कर्स के बीच हुई नोंक झोंक

आशा वर्कर्स रोष-प्रदर्शन करते हुए जब नागरिक अस्पताल के इमरजेंसी ब्लॉक से होते हुए सिविल सर्जन कार्यालय में प्रवेश करने लगी तो पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोका। इस दौरान आशा वर्कर्स और पुलिस के बीच बहस एवं नोंक झोंक हुई और आशा वर्कर्स अंदर प्रवेश कर गईं। इसके बाद सिविल सर्जन कार्यालय तक चार गेटों पर उन्हें रोकने की कोशिश की गई, लेकिन क्षुब्ध आशा वर्कर्स आखिरकार सिविल सर्जन कार्यालय तक पहुंच गई। इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स भी बुलाई गई।

### हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के चेयरमैन शर्मा का किया सम्मान



**चरखी दादरी।** हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के चेयरमैन एडवोकेट रामकिशन शर्मा का गांव रानीला में सम्मान समारोह आयोजित किया। ग्रामीणों ने पारंपरिक पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर चेयरमैन रामकिशन का सम्मान किया। इस अवसर पर सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। चेयरमैन रामकिशन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र के स्नेह एवं विश्वास का सम्मान है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए प्रदेश और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में सरपंच संजीत, पूर्व सरपंच सुनील, पूर्व चेयरमैन रामेहर, दयानंद शर्मा, जगदीश शर्मा, सागर शर्मा, हरीश बीडीसी, फूलचंद शर्मा, मुंशीराम साहू, संजय बंसल, भरत मास्टर, विक्की ठेकेदार, मास्टर रामदेव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### निगम ने मांगा एक सप्ताह का समय, डीसी के आदेश के बाद भी नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था

# बिजली संकट को लेकर सेक्टरवासियों ने सब स्टेशन पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- सात दिन में बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो अगले हफ्ते से अनिश्चितकालीन धरना : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी के सेक्टर-13, न्यू हाउसिंग बोर्ड, ईडब्ल्यूएस व सेक्टर-23 में लगातार गहराते बिजली संकट को लेकर क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूट पड़ा है। बार-बार होने वाले फॉल्ट, कम वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती से परेशान नागरिकों ने नप के पूर्व चेयरमैन विजय पंचगावा के नेतृत्व में सोमवार को सेक्टर-13 स्थित 33 केवी बिजली सब-स्टेशन पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। निगम के उपमंडल अभियंता (एसडीओ) अंकित ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लिया और एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था दुरूस्त करने का लिखित आश्वासन दिया।



भिवानी। अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सेक्टरवासी। फोटो : हरिभूमि

#### निगम के साथ कोई टकराव नहीं चाहते

पूरे मामले पर नप के पूर्व चेयरमैन विजय पंचगावा ने निगम एवं प्रशासन को चेतावनी दी कि सेक्टरवासी निगम के साथ कोई टकराव नहीं चाहते, हम केवल अपनी बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान चाहते हैं। भीषण गर्मी और उमस के मौसम में बार-बार बिजली गुल होना, ढीले तारों के कारण फॉल्ट होना और कम वोल्टेज आना नागरिकों के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि सैक्टरवासियों द्वारा 19 जून को ही अधीक्षक अभियंता और उपायुक्त को मिलकर मांग-पत्र सौंप दिया था। उपायुक्त ने तुरंत कार्रवाई के आदेश भी दिए थे, लेकिन जमीन पर कोई सुधार नहीं दिखा, जिससे मजबूर होकर छह जुलाई को धरने की चेतावनी दी थी तथा वे आज धरना देने के लिए मौके पर पहुंचे तो एसडीओ अंकित ने उनसे एक सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने फिलहाल धरने को टाल दिया, लेकिन सात दिनों के भीतर जर्जर तार बदलने, पेड़ों की छंटाई और तकनीकी स्टाफ की कमी जैसी मुख्य मांगों पर काम पूरा नहीं हुआ तो अगले सप्ताह से क्षेत्रवासी कम्युनिटी सेंटर या सब-स्टेशन पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे।

### बाढड़ा महिला कॉलेज में किया पौधरोपण

**बाढड़ा।** महानिदेशक उच्चतर शिक्षा पंचकूला के निर्देशानुसार राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में सोमवार को वृक्षारोपण सप्ताह के तहत विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इको 1लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज परिसर में औषधीय, छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार ने की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संस्थागत स्तर पर किए जाने वाले ऐसे प्रयास पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इको 1लब के प्रभारी डॉ. रिंकु ने बताया कि कॉलेज परिसर को अधिक हरित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जा रहे हैं।